प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पर की चर्चा : उन्होंने इससे निपटने के लिए देश में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।
2. प्रधानमंत्री का छात्रों से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शौक पूरा करने और नए कौशल विकसित करने का आग्रह।
3. श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है चैत्र नवरात्र का पर्व : पहले दिन आज मां शैलपुत्री की हो रही है आराधना : देवी मंदिरों में दर्शन पूजन के लिये भक्तों की उमड़ी भारी भीड़। और
4. आज चांद दिखने के साथ कल मनाया जायेगा ईद का त्योहार : मस्जिदों में नमाज के लिये किये जा रहे है विशेष इंतजाम।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। उन्होंने कहा कि एक प्रतिशत से

भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है। बाइट.....

*भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है, जहां सबसे ज्यादा टेक्सटाइल वेस्ट् निकलता है लेकिन मुझे खुशी है कि हमारे देश में इस चुनौती से निपटने के लिए कई सरहनीय प्रयास किये जा रहे थे। कई भारतीय स्टार्टअप्स् ने टेक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी पर काम शुरू किया है। वह पुराने कपड़ों और जूते चप्प लों को रिसाइकल कर जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं कुछ समझता है पुराने कपड़े लेकर उसे दोबारा उपयोग करने लायक बनाती हैं और गरीबों तक पहुंचती है।*

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मक कार्य करने की सलाह दी।

प्रधानमंत्रो ने युवाओं के लिए माई भारत नामक खास कैलेंडर की चर्चा की, जिसे इस वर्ष की गर्मियों की छुट्टी क लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कैलेंडर से कुछ अनूठे प्रयास किए गए हैं। इस कैलेंडर के स्टडी टूर में युवा छात्र जन औषधि केन्द्रों के बारे में जानकारी ले सकते हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में सम्पन्न खेलो इंडिया पैरागेम्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन खेलों में इस बार पहले से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इससे पता चलता है कि पैरा स्पोट्र्स लोकप्रिय हो रहे हैं। बाइट.....

*मैं खेलो इंडिया पैरा गेम्सख में हिस्सां लेने वाले सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। हरियाणा, तमिलनाडु और यूपी के खिलाड़ियों को पहला दूसरा और तीसरा स्थानन हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इन खेलों के दौरान हमारे दिव्यां ग खिलाड़ियों ने 18*

*राष्ट्री य रिकॉर्ड भी बनाए हैं, जिनमें से 12 तो हमारी महिला खिलाड़ियों के नाम रहे हैं।*

प्रधानमंत्री ने दिल्ली  में पहली बार आयोजित हुए फिट इंडिया कार्यक्रम की भी चर्चा की। इसका लक्ष्य फिट रहना और फिटनेस के बारे में लोगों का जागरूक करना था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब स्वदेशी खेल भी लोकप्रिय हो रहे है। उन्होंने मशहूर रैपर हनुमान काइंड के नए गीत रन इट अप की चर्चा की, जो इन दिनों बहुत लोकप्रिय हो रहा है।

—————————

चैत्र नवरात्र क पहले दिन आज कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। देवी मंदिरों में मां का भव्य श्रृंगार किया गया। इस बार नवरात्रि आठ दिनों की है जो आज से शुरू होकर छह अप्रैल को सम्पन्न होगी। लखनऊ में चौक स्थित छोटी और बड़ो कालीजी मंदिर, बख्शी का तालाब स्थित चंद्रिका देवी मंदिर और इटौंजा में मां पूर्वी देवी मंदिर सहित प्रमुख देवी मंदिरों में मां के दर्शन पूजन के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। बलरामपुर स्थित तुलसीपुर में प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे है। शाहजहांपुर के गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा में अखण्ड जाप आज से शुरू हो गया है, जो 6 अप्रैल को पूरा होगा। उधर, मिर्जापुर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल

धाम में मंगला आरती के बाद से ही दर्शन पूजन के लिये भक्तों की भारी भीड़ लगी हुई है। श्रद्धालु माता को नारियल, चुनरी और प्रसाद चढ़ा रहे हैं। यहां आज से वासंतिक नवरात्र मेला शुरू हो गया है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिर्पोट.....

*मां विन्ध्यवासिनी की जय–जयकारों के बीच प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल मे वासंतिक नवरात्र मेला प्रारंभ हो चुका है। कल से ही श्रद्धालुओं के विन्ध्याचल पहुंचने का सिलसिला अभी भी जारी है। भोर में कलश स्थापना व मंगला आरती के बाद जैसे ही मंदिर के कपाट खुले समूची विन्ध्य नगरी घंटा घड़ियाल के साथ मां के जय–जयकारों से गूंज उठी। बड़ी संख्या मे श्रद्धालु मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर त्रिकोण परिक्रमा पूरी कर रहें हैं। नवरात्र में 20 घंटे मां विंध्यवासिनी मंदिर का कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शन–पूजन के लिए खुला रहेगा। वहीं माँ के गर्भ गृह मे प्रवेश पर पाबंदी के साथ चरण स्पर्श पर भी  रोक लगाया गया है।*

*एस0एम0 सबा, आकाशवाणी समाचार, मिर्जापुर।*

रामनगरी अयोध्या में बड़ी देव काली मंदिर और छोटी देव काली मंदिर में श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में प्रसाद और फूल अर्पित कर पूजा अर्चना की। जौनपुर में मां शीतला चौकिया धाम, गोरखपुर में गोलघर स्थित काली मंदिर, कौशाम्बी में कड़ावासिनी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर मां के जयकारों से गुंजायमान रहे।

———————

हिन्दू नववर्ष आज से शुरू हो गया हैं इसे नवसंवत्सर भी कहा जाता है। यह चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होता

है। नवसंवत्सर के स्वागत में वाराणसी में नमामि गंगे के सदस्यों ने मां गंगा की आरती उतार कर सूर्यदेव को दूध से अर्घ्य दिया। उधर अयोध्या में साधु संतों ने नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर कल रामकोट की परिक्रमा करके सनातन धर्म में निहित मानवता का संदेश दिया।

प्रदेश भर में आज भगवान झूलेलाल की जयंती भी धूमधाम से मनाई जा रही है।

————————

प्रदेश सरकार ने राज्य भर में अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने सभी जिलाधिकारियों पुलिस आयुक्तों नगर आयुक्तों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। निर्देश को लागू करने के लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

देशभर में कल ईद का त्योहार मनाया जायेगा। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष एवं ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशिद फरंगी महली और शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास रजवी ने आज शाम ईद का चांद देखने के बाद इसकी घोषणा की। लखनऊ में ऐशबाग स्थित ईदगाह में कल सुबह दस बजे और आसिफी मस्जिद इमामबाड़ा में सुबह 11 बजे ईद की नमाज अदा की जायेगी। इस बीच बाजारों में ईद की तैयारियों को लेकर चहल पहल बढ़ गई है।

————————

मेरठ के हुमायूं नगर में ईद से पहले आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा मुस्लिम महिलाओं को सौगात ए मोदी सहायता किट वितरित की गई। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासित अली ने कहां की हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने मुस्लिम बहनों को ईद के माके पर ईदी के रूप में सौगातें ए मोदी किट दी है। बाइट.....

*ईद की ईदी के रूप में मोदी जी बड़े भाई के रूप में ईदी भेजते है और गरीब की ईदी में मिठास आ सके उसकी खुशियों को चार चांद लग सके और वो सुकून के साथ ईद को मना सके। इसलिये सौगाते मोदी जी*

*देश के 32 लाख मुसलमानों को भेजने का काम मोदी की ओर से किया जा रहा है।*

————————

**चित्रकूट में लगभग साटे 11 करोड़ रूपये की लागत से ईको टूरिज्म पार्क बनाया जायेगा। इसके लिए प्रथम किश्त के रूप में पांच करोड की धनराशि जारी कर दी गयी है। पेश है एक रिपोट.....**

*रामायण सर्किट का महत्वपूर्ण स्थल चित्रकूट में यूपी इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड सात एकड़ क्षेत्रफल में इको टूरिज्म पार्क का निर्माण करेगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस पार्क का उद्देश्य पर्यटकों को प्रकृति के करीब लाना और इको.फ्रेंडली पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह पार्क पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप बनाया जाएगा जिससे क्षेत्र की जैव विविधता सुरक्षित रहेगी। यहां प्राकृतिक सुगंध से भरपूर  विशेष बगीचा तैयार किया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रकार के सुगंधित पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा स्थानीय और प्रसिद्ध व्यंजनों का आनंद लेने के लिए विशेष फूड कोर्ट भी बनाए जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस पार्क के निर्माण से चित्रकूट आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।*

————————

**लखनऊ में उत्तर प्रदेश की मेजबानी में खेली जा रहीं 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम विजेता बन गई है। आज खेले गये फाइनल मैच में यूपी ने हिमाचल प्रदेश की टीम को 17–19 से हरा दिया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित**

किया। राष्ट्रीय स्तर की इस हैंडबॉल प्रतियोगिता में देशभर की 30 टीमों ने हिस्सा लिया था।

---------

आईपीएल टी–20 क्रिकेट मैच गुवाहाटी में आज शाम साढ़े सात बजे राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जायेगा।

---------

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज शांहजहापुर के परमवीर चक्र नायक जदूनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में 34 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से होने वाले जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में 400 मीटर रनिंग, स्विमिंग पूल, वॉलीबॉल कोर्ट, आदि का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस मौके पर राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने सांसद निधि से 100 स्पोर्ट्स किट और एक ओपन जिम लगवाने की भी घोषणा की।

---------